


# माँ सरस्वती की प्रतिमा को वस्त्र, आभूषण व अलंकारों से सुसज्जित किया

कार्यालय संवाददाता

रुद्रपुर । सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर में प्रांगड़ विकास एवं सौंदर्यीकरण का कार्य गतिमान है । इसी क्रम में आज दिनाँक 09.01.25 को सत्र 2017-18 में महाविद्यालय के प्रवेश द्वार के सन्निकट स्थापित विद्या की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार उभान के द्वारा वस्त्र, आभूषण और अलंकारों से सुसज्जित किया गया। यह कार्य महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति की संयोजक समाजशास्त्र विभाग प्रभारी डॉ. हेमलता सैनी की देख-रेख में संपन्न हुआ।

महाविद्यालय के छात्रों द्वारा बहुत समय से इस बात की मांग की जा रही थी कि सरस्वती माता की मूर्ति के जीर्ण शीर्ण हो चुके वस्त्रों और आभूषणों को बदला जाय । इस कार्य के सम्पन्न होने पर महाविद्यालय की पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष रूपा रानी ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर महाविद्यालय के प्राचार्य और सांस्कृतिक समिति का आभार व्यक्त किया है।

Hemlata 10.01.2025
(संयोजिका)
सांस्कृतिक परिषद

प्राचार्य
Principal
S.B.S. Govt. P.G. College
Rudrapur (Udham Singh Nagar)
Uttarakhand

# सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर,उत्तराखण्ड

## बसन्त पंचमीः विद्या की देवी माँ सरस्वती की मूर्ति के समक्ष किया हवन-पूजन

सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर में बसन्त पंचमी के अवसर पर महाविद्यालय प्रांगड़ में स्थित विद्या की देवी माँ सरस्वती की मूर्ति के समक्ष हवन-पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार उभान सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार उभान ने इस अवसर उपस्थित विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपने नए सेमेस्टर की कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित रहें ।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र सुदीप सिंह, पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष रूपा रानी, अभिषेक, सोनल वर्मा, सिमरन, नागेंद्र गंगवार आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई। यह कार्य महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति की संयोजक समाजशास्त्र विभाग प्रभारी डॉ. हेमलता सैनी की देख-रेख में संपन्न हुआ ।

प्राचार्य
Principal
S.B.S. Govt. P.G. College
Rudrapur (Udham Singh Nagar)
Uttarakhand

Hemlata 03/02/2025
संयोजक
सांस्कृतिक समिति

# बसन्त पंचमीः विद्या की देवी माँ सरस्वती की मूर्ति के समक्ष किया हवन-पूजन



कार्यालय संवाददाता

रुद्रपुर। सरदार भगत सिंह राजकीय महाविद्यालय, रुद्रपुर में बसन्त पंचमी के अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में स्थित विद्या की देवी माँ सरस्वती की मूर्ति के समक्ष हवन-पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.राजेश कुमार उभान सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.राजेश कुमार उभान ने इस अवसर उपस्थित विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपने नए सेमेस्टर की कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित रहें।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र सुदीप सिंह, पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष रूपा रानी, अभिषेक, संतल वर्मा, सिमरन, नागेंद्र गंगवार आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई। यह कार्य महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति की संयोजक समाजशास्त्र विभाग प्रभारी डॉ. हेमलता सैनी की देख-रेख में संपन्न हुआ।

# चित्रकला प्रतियोगिता
## विश्व कला दिवस के अवसर पर
**15 अप्रैल, 2025**

आयोजक
## सांस्कृतिक परिषद
## सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## रुद्रपुर

## रिपोर्ट

सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर में 15 अप्रैल को विश्व कला दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक परिषद और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में भारत की सांस्कृतिक विविधता व उत्तराखंड की लोक कला शीर्षक पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य चित्रकला के माध्यम से समाज, समुदाय व संस्कृति के सम्बन्ध में विद्यार्थियों को जागरूक करना और स्वस्थ अभिरुचि का विकास करना है। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा उपरोक्त शीर्षक पर अपनी कला एवं रचनात्मक क्षमता का परिचय देते हुए निर्धारित समय में पोस्टर बनाए।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० राजेश कुमार उभान ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों द्वारा विद्यार्थियों में कलात्मक व रचनात्मक अभिव्यक्ति का विकास होता है और नवाचार को भी बढ़ावा मिलता है। सांस्कृतिक समिति की संयोजक प्रो० हेमलता सैनी ने कहा की इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से छात्र छात्राओं को समाज के बारे में जागरूक होने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। प्रतियोगिता में अर्थशास्त्र विभाग प्रभारी प्रोफेसर शैलजा जोशी, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राजेश कुमार सिंह तथा समाजशास्त्र विभाग के प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार सैनी ने निर्णायक मण्डल की भूमिका निभाई।

प्रतियोगिता में बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की सुइता मण्डल ने प्रथम स्थान, बी.एससी. चतुर्थ सेमेस्टर की हिमानी कुशवाहा तथा बी.ए. षष्ठम सेमेस्टर की नैंसी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की नेहा निखत और बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर के श्याम सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की प्रिया मण्डल तथा मानसी पाण्डेय को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो० रविन्द्र कुमार सैनी, डॉ० रूमा साह, डॉ० पूनम साह, डॉ० कमला बोरा, डॉ० अपर्णा सिंह, डॉ रवीश त्रिपाठी, डॉ अलंकृता सिंह, डॉ. अंकिता चंदोला उपस्थित रहे।

दिनांक: 15/04/2025

Seen
प्राचार्य
Principal
S.B.S. Govt. P.G. College
Rudrapur (Udham Singh Nagar)
Uttarakhand

Hemlata 15/4/25
(डॉ. हेमलता सैनी)
संयोजक
सांस्कृतिक परिषद


एस.बी.एस. राजकीय स्नातको
रुद्रपुर (ऊधम सिंह न

एस.बी.एस. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

एस.बी.एस. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

# विश्व कला दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



कार्यालय संवाददाता

रुद्रपुर। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर में 15 अप्रैल को विश्व कला दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक परिषद और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में भारत की सांस्कृतिक विविधता व उत्तराखंड की लोक कला शीर्षक पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य चित्रकला के माध्यम से समाज, समुदाय व संस्कृति के सम्बन्ध में विद्यार्थियों को जागरूक करना और स्वस्थ अभिरुचि का विकास करना है। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा उपरोक्त शीर्षक पर अपनी कला एवं रचनात्मक क्षमता का परिचय देते हुए निर्धारित समय में पोस्टर बनाए।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० राजेश कुमार उभान ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों द्वारा विद्यार्थियों में कलात्मक व रचनात्मक अभिव्यक्ति का विकास होता है और नवाचार को भी बढ़ावा मिलता है। सांस्कृतिक समिति की संयोजक प्रो० हेमलता सैनी ने कहा की इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से छात्र छात्राओं को समाज के बारे में जागरूक होने के लिए प्रोत्साहन मिलता है । प्रतियोगिता में अर्थशास्त्र विभाग प्रभारी प्रोफेसर शैलजा जोशी, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राजेश कुमार सिंह तथा समाजशास्त्र विभाग के प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार सैनी ने निर्णायक मण्डल की भूमिका निभाई।

प्रतियोगिता में बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की सुइता मण्डल ने प्रथम स्थान , बी. एससी. चतुर्थ सेमेस्टर की हिमानी कुशवाहा तथा बी.ए. षष्ठम सेमेस्टर की नैंसी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की नेहा निखत और बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर के श्याम सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की प्रिया मण्डल तथा मानसी पाण्डेय को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया ।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो० रविन्द्र कुमार सैनी, डॉ० रूमा साह, डॉ० पूनम साह, डॉ० कमला बोरा, डॉ० अपर्णा सिंह, डॉ रवीश त्रिपाठी, डॉ अलंकृता सिंह, डॉ. अंकिता चंदोला उपस्थित रहे।

## चित्रकला में सुइता मंडल ने मारी बाजी



रुद्रपुर। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व कला दिवस पर भारत की सांस्कृतिक विविधता और उत्तराखंड की लोककला शीर्षक पर चित्रकला प्रतियोगिता हुई। इसमें बीए चतुर्थ सेमेस्टर की सुइता मंडल ने पहला स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक परिषद और राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ की ओर से कराई प्रतियोगिता में हिमानी कुशवाहा व नैंसी ने द्वितीय और नेहा निखत व श्याम सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रिया मंडल, मानसी पांडेय को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राजेश कुमार उभान ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से कलात्मक और रचनात्मक अभिव्यक्ति का विकास होता है। वहां प्रो. हेमलता सैनी, प्रो. शैलजा जोशी, डॉ. राजेश कुमार सिंह, प्रो. रवींद्र कुमार सैनी आदि थे।

## पोस्टरों के जरिये उत्तराखंड की लोक कला के कराए दीदार



रुद्रपुर एसबीएस कालेज में चित्रकला दिखाते विद्यार्थी • जागरण

**जासं • रुद्रपुर** : विश्व कला दिवस पर मंगलवार को सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सांस्कृतिक परिषद और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में भारत की सांस्कृतिक विविधता व उत्तराखंड की लोक कला शीर्षक आधारित चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगियों ने शानदार पोस्टर बनाए।

प्राचार्य प्रो. राजेश कुमार उभान ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों द्वारा विद्यार्थियों में कलात्मक व रचनात्मक अभिव्यक्ति का विकास होता है और नवाचार को भी बढ़ावा मिलता है। सांस्कृतिक समिति की संयोजक प्रो. हेमलता सैनी ने भी विचार रखे7 प्रतियोगिता में प्रो. शैलजा जोशी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. राजेश कुमार सिंह, प्रो. रवींद्र कुमार सैनी ने निर्णायकों की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में सुइता मण्डल ने प्रथम स्थान, हिमानी कुशवाहा, नैंसी ने द्वितीय, नेहा निखत व श्याम सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रिया मंडल, मानसी पांडेय को सांत्वना पुरस्कार मिला। इस अवसर पर डा. रूमा साह, डा. पूनम साह, डा. कमला बोरा, डा. अपर्णा सिंह, डा. रवीश त्रिपाठी, डा. अलंकृता सिंह, डा. अंकिता चंदोला मौजूद रहे।